उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 1950   दिनांक /Date.: 07/04/2021

संवाद–109

विषयः– पद कोड–07, पदनाम–आशुलिपिक/वैयक्तिक सहायक पद हेतु टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा आयोजित किये जाने के संबंध में :–

प्रिय अभ्यर्थियों,

अवगत कराना है कि आयोग द्वारा दिनांक 06 नवम्बर, 2016 को विभिन्न विभागों में पदनाम–आशुलिपिक/वैयक्तिक सहायक, पद कोड–07 हेतु लिखित परीक्षा आयोजित की गयी थी। उक्त लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर दिनांक 03.07.2019 को टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा हेतु जारी श्रेष्ठता सूची के संबंध में मा0 उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या–1425(एस/एस)/2019 श्री महेन्द्र सिंह बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य में मा0 न्यायालय द्वारा दिनांक 26.06.2019 को पारित आदेश के अनुपालन में एवं उक्त प्रकरण पर मा0 आयोग की बैठक दिनांक 16 फरवरी, 2021 में लिये गये निर्णय के कम में आशुलिपिक/वैयक्तिक सहायक, पद कोड–07 के अवशेष पदों के सापेक्ष अंकों की श्रेष्ठता के आधार पर टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा हेतु 28 अभ्यर्थियों की तृतीय औपबंधिक श्रेष्ठता सूची **आयोग वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in** पर प्रकाशित की गयी है।

टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा हेतु औपबंधिक श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि संबंधित अभ्यर्थियों की टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा **दिनांक 20 अप्रैल, 2021 को डी0डी0 कॉलेज, 25 निम्बूवाला, गढ़ीकैण्ट, ब्लॉक–बी, नियर–दून वैली पब्लिक स्कूल, देहरादून** में आयोजित की जायेगी। टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र दिनांक 13.04.2021 से **आयोग वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in** पर प्रसारित कर दिये जायेंगे। अभ्यर्थी कोविड–19 संक्रमण के दृष्टिगत कोविड के मानकों के अनुरूप मास्क पहनना व सोशल डिस्टेसिंग का पालन करना सुनिश्चित करेंगे।

।। टंकण व आशुलेखन परीक्षा हेतु शुभकामनाओं के साथ।।

आयोग की ओर से,

7/4

(संतोष बडोनी)
सचिव।